Enam Date - 29.01.23

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24
Number of Pages in Booklet : 24
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

**Paper Code : OD**

**Sub: G.K.**

# ST-22

प्रश्न–पुस्तिका संख्या व बारकोड
**Question Booklet No. & Barcode** **7066333**

**इस प्रश्न–पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए**
**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

**समय : 2:00 घण्टे**
**Time : 2:00 Hours**

## Paper - I

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्न–पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**

- **प्रश्न–पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है ।**
- **प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है ।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that :**

- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. OMR उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
6. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल पॉइंट पेन** से गहरा करना है ।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
10. मोबाइल फ़ोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
6. Please correctly fill your Roll Number in **O.M.R.** Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue Ball Point Pen.**
9. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
10. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair means) Act, 2022 & any other law applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर–पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे । परीक्षार्थी कार्बन प्रति को अपने साथ ले जायेंगे ।**

**OD-□**

1. मत्स्य संघ के मंत्रिमण्डल में निम्न में से कौन सम्मिलित नहीं था ?
   (1) युगल किशोर चतुर्वेदी
   (2) चिरंजी लाल शर्मा
   (3) भोलानाथ
   (4) प्रेम नारायण माथुर

2. 'कूदण' की घटना किस किसान आंदोलन से सम्बन्धित है ?
   (1) बीकानेर (2) बूँदी
   (3) बेगूं (4) सीकर

3. 'नागणेची माता का मन्दिर' स्थित है
   (1) जयपुर (2) बाड़मेर
   (3) जालौर (4) जोधपुर

4. चिल्ह का टोला किस दुर्ग का पूर्ववर्ती नाम है ?
   (1) जयगढ़ दुर्ग
   (2) चित्तौड़गढ़
   (3) गागरोन दुर्ग
   (4) रणथम्भोर दुर्ग

5. निम्नलिखित में से वह कौन सा चित्रकार है जिसका बीकानेर चित्रशैली से सम्बन्ध नहीं है ?
   (1) अलीराजा (2) हमीद
   (3) अहमद (4) साहिबराम

6. निम्नलिखित आभूषणों की सूची में से कान में पहने जाने वाले आभूषण को चिन्हित कीजिए :
   (1) सुरलिया (2) मटरमाला
   (3) तकया (4) मूंदडी

7. 'शंकरिया नृत्य' सम्बन्धित है :
   (1) भीलों से (2) गरासियों से
   (3) कालबेलियों से (4) गुर्जरों से

8. 'नेमिनाथ बारहमासा' के रचयिता हैं
   (1) सुमतिगणि (2) पल्हण
   (3) राजशेखर सूरि (4) जिनदत्त सूरि

1. Who among the following was not included in the Cabinet of Matsya Union ?
   (1) Yugal Kishore Chaturvedi
   (2) Chiranji Lal Sharma
   (3) Bholanath
   (4) Prem Narayan Mathur

2. The incident of 'Kudan' belongs to which peasant movement ?
   (1) Bikaner (2) Bundi
   (3) Begun (4) Sikar

3. 'Nagnachi Mata Mandir' is situated in –
   (1) Jaipur (2) Barmer
   (3) Jalore (4) Jodhpur

4. Chilha's tola is the previous name of which fort ?
   (1) Jaigarh Fort
   (2) Chittorgarh
   (3) Gagron Fort
   (4) Ranthambore Fort

5. Which of the following painter is not related with Bikaner style of Painting ?
   (1) Aliraja (2) Hamid
   (3) Ahmed (4) Sahibram

6. From the following list of ornaments, identify the ornament worn in the ear :
   (1) Surliya (2) Matarmala
   (3) Takaya (4) Mundri

7. 'Shankriya dance' is related with –
   (1) Bhils (2) Garasias
   (3) Kalbelias (4) Gurjars

8. 'Neminath Barah Masa' is written by –
   (1) Sumatigani
   (2) Palhan
   (3) Rajshekhar Suri
   (4) Jindutt Suri

9. चारण चरजाएं से क्या अभिप्राय है ?
(1) करणी माता की स्तुतियाँ
(2) चारण लोकगीत
(3) चारण आख्यिकाएँ
(4) चारण उत्सव

10. राजस्थान का राज्यपाल किसे पद की शपथ नहीं दिलाता है ?
(1) राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को
(2) राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष को
(3) राजस्थान विधानसभा के सदस्य को
(4) राज्य के मंत्री को

11. अनुच्छेद 213 के तहत राज्यपाल को निम्न में से कौन सी शक्ति प्राप्त है ?
(1) अध्यादेश जारी करने की शक्ति
(2) क्षमादान की शक्ति
(3) निषेधाधिकार की शक्ति
(4) मंत्रिपरिषद के निर्माण की शक्ति

12. वर्तमान मुख्य सचिव ऊषा शर्मा से पूर्व कितनी महिलाएँ राजस्थान की मुख्य सचिव रही हैं ?
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) दस

13. राजस्थान लोक सेवा आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है :
(1) भारत के राष्ट्रपति को
(2) राजस्थान के राज्यपाल को
(3) राजस्थान की राज्य विधानसभा को
(4) संघ लोक सेवा आयोग को

9. What do you mean by Charan Charjayen ?
(1) Prayer of Karni Mata
(2) Charan Folk Song
(3) Charan Narrative
(4) Charan Festivals

10. To whom does the Governor of Rajasthan not administer oath of office ?
(1) Judge of Rajasthan High Court
(2) Speaker of Rajasthan Legislative Assembly
(3) Member of Rajasthan Legislative Assembly
(4) State's Minister

11. Which of the following power the Governor has under Article 213 ?
(1) Ordinance Issuing Power
(2) Power of Pardon
(3) Veto Power
(4) Power to form Council of Ministers

12. How many women have been the Chief Secretary of Rajasthan before present Chief Secretary Usha Sharma ?
(1) One (2) Two
(3) Three (4) Ten

13. The Rajasthan Public Service Commission presents its annual report to
(1) President of India
(2) Governor of Rajasthan
(3) Rajasthan State Legislative Assembly
(4) Union Public Service Commission

14. राजस्थान लोक सेवा आयोग के संबंध में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही है ?

(1) अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है ।

(2) राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों में से यथाशक्य निकटतम एक-तिहाई ऐसे व्यक्ति होंगे जो अपनी-अपनी नियुक्ति की तारीख पर भारत सरकार अथवा राजस्थान सरकार के अधीन कम से कम दस वर्ष तक पद धारण कर चुके हैं ।

(3) राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य छह वर्ष की अवधि तक या बासठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, अपना पद धारण करेगा ।

(4) राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य आयोग के अध्यक्ष को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकता है ।

15. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के संबंध में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) किसी लोक सेवक द्वारा मानवाधिकार का उल्लंघन करने पर आयोग उसके जाँच की शक्ति रखता है ।

(2) मानवाधिकार आयोग उच्च शक्ति प्राप्त एक स्वायत्तशासी निगरानी निकाय है जो अपनी सत्ता मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 से प्राप्त करता है ।

(3) केवल किसी उच्च न्यायालय का पूर्व मुख्य न्यायाधीश ही राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है ।

(4) आयोग की अपनी एक निरीक्षण एजेन्सी है जिसकी अध्यक्षता एक पुलिस अधिकारी द्वारा की जाती है जो कि पुलिस अधीक्षक से नीचे के रैंक का नहीं होना चाहिए ।

14. Which one of the following statements is correct regarding Rajasthan Public Service Commission ?

(1) The Chairman and other members are appointed by the President of India.

(2) As nearly as may be one-third of the members of Rajasthan Public Service Commission shall be persons who at the dates of their respective appointments have held office for at least ten years either under the Government of India or under the Government of Rajasthan.

(3) A member of Rajasthan Public Service Commission shall hold office for a term of six years and the age of 62 years, whichever is earlier.

(4) A member of Rajasthan Public Service Commission may resign his office by writing under his hand addressed to the Chairman of the Commission.

15. Which one of the following statements is not correct regarding the Rajasthan State Human Rights Commission ?

(1) The Commission has the power to make enquiry when there is violation of human rights by a public servant.

(2) The Human Rights Commission is an autonomous high power human rights watch body which derives its authority from the Protection of Human Rights Act, 1993.

(3) Only a former Chief Justice of a High Court can be appointed as Chairperson of the Rajasthan State Human Rights Commission.

(4) The Commission has an investigating agency of its own headed by a police officer not below the rank of Superintendent of Police.

16. निम्नांकित में से भारत के संविधान का कौन सा प्रावधान पंचायती राज से संबंधित नहीं है ?
(1) अनुच्छेद 243
(2) अनुच्छेद 40
(3) अनुच्छेद 41
(4) ग्यारहवीं अनुसूची

17. राजस्थान विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति का अध्यक्ष कौन होगा ?
(1) राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष
(2) राजस्थान विधानसभा का नेता
(3) राजस्थान विधानसभा में विपक्ष का नेता
(4) सदन का कोई सदस्य जिसे स्पीकर नियुक्त करें

18. पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा का प्रो'टेम स्पीकर कौन था ?
(1) गुलाब चन्द कटारिया
(2) भंवर लाल शर्मा
(3) कैलाश त्रिवेदी
(4) महेश जोशी

19. राजस्थान विधानसभा में अंतिम बार किस वर्ष अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ?
(1) 1993 (2) 2009
(3) 1985 (4) 2018

20. राजस्थान के डेल्फिक खेलों के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :
I. 18 से 35 वर्ष की आयु के राजस्थान-निवासी इसमें भाग ले सकते हैं ।
II. यह 9 से 12 फरवरी, 2023 को उदयपुर में आयोजित किया जा रहा है ।
(1) केवल I सही है ।
(2) केवल II सही है ।
(3) I व II दोनों सही हैं ।
(4) न तो I, न II सही है ।

16. Which of the following provisions of Constitution of India is not related to Panchayati Raj ?
(1) Article 243
(2) Article 40
(3) Article 41
(4) Eleventh Schedule

17. Who shall be the chairman of Business Advisory Committee of Rajasthan Vidhansabha ?
(1) Speaker of the Rajasthan Vidhansabha
(2) Leader of the Rajasthan Vidhansabha
(3) Leader of the opposition in Rajasthan Vidhansabha
(4) A member of the house who is appointed by the Speaker.

18. Who was the Protem Speaker of XV Rajasthan Vidhansabha ?
(1) Gulab Chand Kataria
(2) Bhanwar Lal Sharma
(3) Kailash Trivedi
(4) Mahesh Joshi

19. In which year the No-Confidence Motion was presented for the last time in the Rajasthan Legislative Assembly ?
(1) 1993 (2) 2009
(3) 1985 (4) 2018

20. Consider the following statements regarding Delphic Games of Rajasthan :
I. Residents of Rajasthan between the ages of 18 and 35 years may participate in it.
II. It is being held from 9 to 12 February 2023 at Udaipur.
(1) Only I is correct.
(2) Only II is correct.
(3) Both I and II are correct.
(4) Neither I nor II is correct.

21. 'फिट इण्डिया मूवमेंट' में राजस्थान ने निम्नांकित में से कौन सा स्थान प्राप्त किया है ?

(1) पहला (2) दूसरा

(3) तीसरा (4) चौथा

22. 2001 की जनगणना की तुलना में जनगणना 2011 में राजस्थान से संबंधित निम्न में से गलत विकल्प चुनिए :

(1) लिंगानुपात में वृद्धि हुई है ।

(2) बाल लिंगानुपात घटा है ।

(3) जनसंख्या घनत्व में कोई बदलाव नहीं हुआ है ।

(4) जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है ।

23. राजस्थान सरकार के 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान' की ब्रांड अम्बेसेडर कौन हैं ?

(1) सुनिधि चौहान

(2) अल्पना तिवारी

(3) अपूर्वी चंदेला

(4) अवनि लखेरा

24. निम्नांकित में से किस आयु वर्ग की महिलाएँ उड़ान योजना के अंतर्गत लाभ लेने की पात्र हैं ?

(1) 10 से 45 वर्ष (2) 13 से 50 वर्ष

(3) 12 से 45 वर्ष (4) 15 से 45 वर्ष

25. राजस्थान की प्रथम हस्तशिल्प नीति के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) राजस्थान की पहली हस्तशिल्प नीति 2022 में जारी हुई ।

(2) इससे आने वाले पाँच वर्षों में 50 हजार से अधिक नए रोजगार के अवसर मिलेंगे ।

(3) यह नीति मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेगी ।

(4) विलुप्त होती परम्परागत हस्तकलाओं को पुनर्जीवित करना इसका एक उद्देश्य है ।

21. Which of the following position has been achieved by Rajasthan in 'Fit India Movement' ?

(1) First (2) Second

(3) Third (4) Fourth

22. In comparison with the Census 2001, identify the incorrect option with regard to Census 2011 concerning Rajasthan.

(1) There has been an increase in the gender ratio.

(2) Gender ratio among children has decreased.

(3) There has been no change in population density.

(4) There has been a decrease in growth rate of population.

23. Who is the brand ambassador of 'Beti Bachao Beti Padhao Abhiyan' of the Government of Rajasthan ?

(1) Sunidhi Chouhan

(2) Alpna Tiwari

(3) Apoorvi Chandela

(4) Avni Lakhera

24. Which of the following age group of women are entitled to take benefit of Udan Yojna ?

(1) From 10 to 45 yrs

(2) From 13 to 50 yrs

(3) From 12 to 45 yrs

(4) From 15 to 45 yrs

25. Which of the following statement about the First Rajasthan Handicraft Policy is not correct ?

(1) The first handicraft policy of Rajasthan was released in 2022.

(2) This will provide more than 50 thousand new employment opportunities in the coming five years.

(3) This policy will be effective till March 2025.

(4) One of its objective is to revive the extinct traditional handicrafts.

26. निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी राजस्थान के पाली जिले के रोहट में आयोजित की जा रही है।
(2) 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का ध्येय वाक्य है – "शांति के साथ प्रगति"
(3) राष्ट्रीय जम्बूरी आयोजित करने का अवसर राजस्थान को 67 वर्ष बाद मिला है।
(4) राष्ट्रीय जम्बूरी 1956 में राजस्थान द्वारा अजमेर में आयोजित की गई थी।

27. निम्न में से किन्हें राजस्थानी भाषा का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2022 दिया गया ?
(1) महेन्द्र भाणावत
(2) कोमल कोठारी
(3) आशीष पुरोहित
(4) दूलाराम सहारण

28. हाल ही में निम्न में से कौन सा बोर्ड गठित करने का प्रस्ताव राजस्थान सरकार द्वारा नहीं किया गया है ?
(1) राजस्थान चर्म शिल्पकला विकास बोर्ड
(2) राजस्थान राज्य रजक कल्याण बोर्ड
(3) राजस्थान राज्य महात्मा ज्योतिबा फूले बोर्ड
(4) राजस्थान राज्य सहकारी बोर्ड

29. राजस्थान विधान सभा में डिजिटल म्यूज़ियम का नाम है :
(1) राजस्थान पॉलिटिक्स म्यूज़ियम
(2) पॉलिटिकल नैरेटिव म्यूज़ियम
(3) लेजिस्लेटर्स ऑफ राजस्थान म्यूज़ियम
(4) फ्रीडम फाइटर्स ऑफ राजस्थान म्यूज़ियम

30. विश्व की लगभग कितने प्रतिशत जनसंख्या उत्तरी गोलार्द्ध में निवास करती है ?
(1) 60% (2) 70%
(3) 80% (4) 90%

26. Which of the following statements is not correct ?
(1) 18th National Jamboree is being organized at Rohat in Pali District of Rajasthan.
(2) The theme of 18th National Jamboree is "Progress with Peace".
(3) Rajasthan has got an opportunity to host National Jamboree after 67 years.
(4) In 1956, National Jamboree was hosted by Rajasthan at Ajmer.

27. Who among the following has received the Sahitya Academy Yuva Puraskar, 2022 of Rajasthani Language ?
(1) Mahendra Bhanawat
(2) Komal Kothari
(3) Ashish Purohit
(4) Dula Ram Saharan

28. Which of the following Board has not been proposed by the Government of Rajasthan recently ?
(1) Rajasthan Leather Crafts Art Development Board
(2) Rajasthan State Washermen Welfare Board
(3) Rajasthan State Mahatma Jyotiba Phule Board
(4) Rajasthan State Cooperative Board

29. The Digital Museum in Rajasthan State Assembly has been named :
(1) Rajasthan Politics Museum
(2) Political Narrative Museum
(3) Legislators of Rajasthan Museum
(4) Freedom Fighters of Rajasthan Museum

30. Approximately what percent of the world's population lives in the Northern hemisphere ?
(1) 60% (2) 70%
(3) 80% (4) 90%

31. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर चुनिये :

| | सूची – I (द्वीप) | | सूची – II (महासागर) |
|---|---|---|---|
| A. | गेलापेगोस द्वीप | i. | हिन्द महासागर |
| B. | कनारी द्वीप | ii. | प्रशान्त महासागर |
| C. | डियागो गारसिया द्वीप | iii. | अन्ध महासागर |
| D. | न्यू साइबेरियन द्वीप | iv. | आर्कटिक महासागर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iii | iv |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | ii | iii | i | iv |

32. निम्नलिखित में से कौन सी एक भूमण्डलीय पवन/हवा नहीं है ?

(1) व्यापारिक हवाएँ (2) पछुआ हवाएँ
(3) मानसूनी हवाएँ (4) ध्रुवीय हवाएँ

33. कौन से वर्ष में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा टिकाऊ विकास के लक्ष्य (SDGs) अपनाये गये थे ?

(1) 2014 (2) 2015
(3) 2016 (4) 2017

34. जनसंख्या प्रवसन नियन्त्रण हेतु किस देश ने त्वचा के रंग के आधार पर नीति अपनायी थी ?

(1) कनाडा
(2) दक्षिणी अफ्रीका
(3) संयुक्त राज्य अमेरिका
(4) ऑस्ट्रेलिया

35. पूर्वांचल हिमालय की निम्नलिखित पहाड़ियों को सही उत्तर–दक्षिण क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

A. बैरिल B. पटकोई
C. नागा D. मिजो

कूट :

(1) A, B, C, D (2) B, C, A, D
(3) A, D, B, C (4) B, D, C, A

31. Match the following and select the correct answer from codes given below :

| | List – II (Islands) | | List – II (Oceans) |
|---|---|---|---|
| A. | Galapagos Island | i. | Indian Ocean |
| B. | Canary Islands | ii. | Pacific Ocean |
| C. | Diego Garcia Island | iii. | Atlantic Ocean |
| D. | New Siberian Islands | iv. | Arctic Ocean |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iii | iv |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | ii | iii | i | iv |

32. Which one of the following is not a planetary wind ?

(1) Trade Winds
(2) Westerlies Winds
(3) Monsoon Winds
(4) Polar Winds

33. In which year the Sustainable Development Goals (SDGs) were adopted by the United Nations ?

(1) 2014 (2) 2015
(3) 2016 (4) 2017

34. To restrict population migration which country had adopted a policy based on skin colour ?

(1) Canada
(2) South Africa
(3) United States of America
(4) Australia

35. Arrange the following Purvanchal Himalayan hills in correct North-South order :

A. Baril B. Patkoi
C. Naga D. Mizo

Codes :

(1) A, B, C, D (2) B, C, A, D
(3) A, D, B, C (4) B, D, C, A

36. उत्तर-पूर्व मानसून के माध्यम से भारत में अक्टूबर से दिसम्बर महीनों के मध्य लगभग 75 सेमी की उच्चतम मौसमी वर्षा होती है :
(1) कोंकण तट के सहारे
(2) मालाबार तट के सहारे
(3) कोरोमण्डल तट के सहारे
(4) उत्तरी सरकार तट के सहारे

37. पेनगंगा और वेनगंगा सहायक नदियाँ हैं :
(1) गोमती की (2) महानदी की
(3) गोदावरी की (4) यमुना की

38. 'सुन्दरी' एक महत्त्वपूर्ण प्रजाति है
(1) उष्णकटिबन्धीय पतझड़ वनों की
(2) उष्णकटिबन्धीय कंटिले वनों की
(3) मैंग्रोव वनों की
(4) ऊँचे पर्वतीय वनों की

39. निम्नलिखित में से कौन सा पश्चिमी भारत का अपतटीय तेल क्षेत्र नहीं है ?
(1) मुम्बई हाई (2) बसीन
(3) अलियाबेट (4) अंकलेश्वर

40. भारत में खाद्य तेलों के उत्पादन के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?
**कथन (A)** : भारत विश्व में वनस्पति तेलों का नम्बर एक आयातक और दूसरा सर्वाधिक उपभोग करने वाला है।
**कथन (B)** : अगस्त 2021 में भारत में खाद्य तेलों की उपलब्धता को बढ़ाने के लिये खाद्य तेलों पर राष्ट्रीय मिशन-ऑयल पाम का शुभारम्भ किया गया।
(1) कथन (A) सही है।
(2) कथन (B) सही है।
(3) दोनों ही सही हैं।
(4) ना तो (A) ही सही है और ना ही (B) सही है।

36. The highest seasonal rainfall of about 75 cm between October and December months in India through North-East Monsoon occurs along :
(1) Konkan Coast
(2) Malabar Coast
(3) Coromandel Coast
(4) Northern Circars Coast

37. Penganga and Venganga are the tributaries of river
(1) Gomati (2) Mahanadi
(3) Godawari (4) Yamuna

38. 'Sundri' is an important species of
(1) Tropical Deciduous Forest
(2) Tropical Thorn Forest
(3) Mangrove Forest
(4) Alpine Forest

39. Which among the following is not an off-shore oilfield of Western India ?
(1) Mumbai High (2) Bassein
(3) Aliabet (4) Ankleshwar

40. Which of the following statement is true regarding edible oils production in India ?
**Statement (A)** : India is the world's second largest consumer and number one importer of vegetable oil.
**Statement (B)** : In August-2021, National Mission on Edible Oils – Oil Palm (NMEO-OP) has been launched to augment the availability of edible oil in India.
(1) Statement (A) is true.
(2) Statement (B) is true.
(3) Both are true.
(4) Neither (A) nor (B) is true.

41. आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारतीय दवा उद्योग के बारे में सही है ?

(A) भारतीय फार्मास्यूटिकल उद्योग, फार्मास्यूटिकल उत्पादन मात्रा के अनुसार विश्व में तीसरे स्थान पर है।

(B) भारत वैश्विक आपूर्ति में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ जेनेरिक दवाओं का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है।

सही कथन का चुनाव कीजिए :

(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(4) ना तो (A) और ना ही (B) सही है।

42. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) चंडीगढ़ ने जी एस वी ए में सेवाओं की उच्चतम हिस्सेदारी को अंकित किया, जबकि सिक्किम भारत के सभी केंद्रशासित प्रदेशों में वर्ष 2020-21 के दौरान सबसे कम रहा।

(B) भारत के सभी राज्यों में वर्ष 2020-21 के दौरान जी एस वी ए सेवाओं में महाराष्ट्र और कर्नाटक शीर्ष दो योगदानकर्त्ता हैं।

सही कथन का चुनाव कीजिए :

(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(4) ना (A) सही है ना (B) सही है।

43. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने 2020-21 $(H_1)$ और 2021-22 के दौरान उच्चतम FDI इक्विटी अन्तर्वाह आकर्षित किया ?

(1) ऑटोमोबाइल उद्योग
(2) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर
(3) टेलीकम्यूनिकेशन्स
(4) सेवा क्षेत्र

41. According to the Economic Survey 2021-22, which of the following statement is true about Indian Pharmaceutical Industry ?

(A) Indian Pharmaceutical Industry ranks third in the world in pharmaceutical production by volume.

(B) India is the second largest supplier of generic medicines with a 30 percent share in the global supply.

Choose the correct answer :

(1) Only (A) is true.
(2) Only (B) is true.
(3) Both (A) and (B) are true.
(4) Neither (A) nor (B) is true.

42. Which of the following statement is true ?

(A) Chandigarh reported highest share of services in GSVA while Sikkim remained lowest during the year 2020-21 in all Union Territories of India.

(B) Maharasthra & Karnataka are the top two contributors to services GSVA during the year 2020-21 in all the states of India.

Choose the correct answer :

(1) Only (A) is true.
(2) Only (B) is true.
(3) Both (A) and (B) are true.
(4) Neither (A) nor (B) is true.

43. Which of the following sector attracted highest FDI equity inflow during 2020-21 and 2021-22 $(H_1)$ ?

(1) Automobile Industry
(2) Computer Software & Hardware
(3) Telecommunications
(4) Services Sector

44. निम्न में से कौन सा देश भारत का 2021–22 में सबसे बड़ा व्यापार का साझेदार रहा है ?

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका
(2) ब्रिटेन
(3) संयुक्त अरब अमीरात
(4) चीन

45. 1935 के अधिनियम द्वारा निम्न में से किस व्यवस्था को समाप्त किया गया ?

(1) सांप्रदायिक निर्वाचन
(2) प्रांतीय स्वायत्तता
(3) प्रांतों में द्वैध शासन
(4) भारत सचिव का पद

46. निम्न में से किस अधिनियम द्वारा प्रांतों में उत्तरदायी शासन की स्थापना का प्रयास किया गया ?

(1) 1909 का अधिनियम
(2) 1892 का अधिनियम
(3) 1862 का अधिनियम
(4) 1919 का अधिनियम

47. निम्नांकित में से कौन सा भारत में संवैधानिक विकास का सही कालक्रम है ?

(a) केन्द्रीय विधायिका के दो सदन
(b) केन्द्रीय विधानसभा के लिए निर्वाचन
(c) संविधान सभा की रचना
(d) केन्द्र और इकाइयों के मध्य शक्ति का वितरण

भारत में संवैधानिक विकास का सही कालक्रम है :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (c), (d), (a)
(3) (b), (a), (d), (c) (4) (b), (d), (a), (c)

48. विभाजन के उपरांत, पुनर्गठित संविधान सभा में डॉ. बी.आर. अंबेडकर किसका प्रतिनिधित्व करते थे ?

(1) पश्चिम बंगाल
(2) मध्य प्रांत एवं बरार
(3) बम्बई
(4) मद्रास

44. Which of the following countries is the largest trading partner of India in the year 2021-22 ?

(1) United States of America
(2) Britain
(3) United Arab Emirates
(4) China

45. Which of the following system was abolished by the Act of 1935 ?

(1) Communal Election
(2) Provincial Autonomy
(3) Diarchy in Provinces
(4) Office of the Secretary of State for India

46. By which of the following Acts, efforts were made to establish responsible governance in the provinces ?

(1) Act of 1909 (2) Act of 1892
(3) Act of 1862 (4) Act of 1919

47. Which one of the following chronological sequences of the Constitutional development of India is correct ?

(a) Two chambers of central legislative assembly
(b) Election for central legislative assembly
(c) Formation of Constituent Assembly
(d) Distribution of powers between Centre and the Units

The correct chronological sequences of the constitutional development of India is :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (c), (d), (a)
(3) (b), (a), (d), (c) (4) (b), (d), (a), (c)

48. In the Post-Partition, Re-constituted Constituent Assembly, Dr. B.R. Ambedkar represented :

(1) West Bengal
(2) Central Provinces and Berar
(3) Bombay
(4) Madras

49. निम्न में से कौन प्रारूप समिति के सदस्य नहीं थे ?
(1) एन.जी. आयंगर
(2) एस.एम. सादुल्लाह
(3) के.एम. मुंशी
(4) एच.सी. मुखर्जी

50. भारत के संविधान का अनुच्छेद 15(1) राज्य को अपने नागरिकों के साथ कुछ निश्चित आधारों पर विभेद का प्रतिषेध करता है । इन आधारों में निम्नांकित में से कौन सा सम्मिलित नहीं है ?
(1) धर्म
(2) नस्ल
(3) भाषा
(4) जन्म–स्थान

